अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई दौरान पथराव

पुलिस ने किया लाठीचार्ज, 5 हिरासत में : दरगाह-मंदिर पर चलाया जेसीबी

प्रतिनिधि, 16 दिसंबर

नागपुर- हाईकोर्ट के आदेश पर मनपा और नासुप्र की ओर से शहर में धार्मिक अतिक्रमण हटाने का अभियान जोरों पर जारी है. शनिवार को अग्रसेन चौक पर स्थित दरगाह का अतिक्रमण हटाने के दौरान स्थिति काफी तनावपूर्ण बन गई थी. स्थानीय युवकों द्वारा पथराव किए जाने के बाद स्थिति बिगड़ते देख पुलिस ने जमकर लाठियां भांजी. दरगाह परिसर में दस्ते के पहुंचते ही बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक जमा हो गए थे. कुछ लोग कार्रवाई का विरोध कर रहे थे. प्रशासन की ओर से असंतुष्टों को शांत करने का प्रयास किया जा रहा था.

काली मंदिर भी हटाया

गांधी बाग स्थित काली मंदिर हटाने के दौरान भी पुलिस को विरोध का सामना करना पड़ा. इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं मंदिर तोड़ने का विरोध कर रही थीं. कार्रवाई के दौरान कुछ महिलाओं के आंसू भी निकल आए थे. कुछ महिलाओं के बेहोश होने की भी जानकारी प्राप्त हुई है. कुछ महिलाओं के शरीर में माता भी आ गई थीं. यहां पर भी पुलिस ने 2 लोगों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की. पुलिस के तगड़े बंदोबस्त के बीच अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई. मलबा हटाने का काम देर रात तक जारी था. स्थानीय नागरिकों ने पूजा-अर्चना कर मूर्ति व अन्य सामग्री हटाई. इसके बाद बुलडोजर की मदद से दीवार गिराई गई.

पुलिस कर्मी को जड़ा चांटा

इसी दौरान मोटरसाइकिल पर आए 2 युवकों ने एक पुलिस कर्मी को चांटा जड़ दिया. उस पुलिस कर्मी ने दोनों युवकों को दौड़कर पकड़ लिया. इसी बीच किसी ने भीड़ में से पथराव आरंभ कर दिया. स्थिति बिगड़ते देख पुलिस ने लाठीचार्ज कर भीड़ को तितर-बितर करने का काम किया. इसी बीच दस्ते की ओर से कार्रवाई जारी रखी गई. बाद में पुलिस ने 3 लोगों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर बाद में छोड़ दिया. पिछले अनेक वर्षों से सड़क पर मौजूद दरगाह को हटाने के दौरान लोगों ने भारी विरोध किया. काफी देर तक कार्रवाई को रोके रखने का प्रयास किया. इसके बाद लोगों ने गालीगलौज करना शुरू किया. अग्रसेन चौक पर 3 जेसीबी, 2 पोकलैंड के पहुंचते ही लोगों का विरोध आरंभ हो गया था. लाठीचार्ज के बाद स्थिति के शांत होते ही कार्रवाई आरंभ की गई.

हटाई धार्मिक सामग्री

सबसे पहले दरगाह में मौजूद सभी प्रकार की धार्मिक सामग्री सम्मान से बाहर निकालने का काम किया गया. इसके बाद कार्रवाई आरंभ की गई. कार्रवाई रात 8.30 के बाद भी चल रही थी. दोनों कार्रवाई के दौरान मनपा अतिक्रमण विभाग के सहायक आयुक्त अशोक पाटिल, कनिष्ठ अभियंता सुरेंद्र दुधे समेत तहसील थाने के पुलिस निरीक्षक वैभव जाधव समेत भारी बंदोबस्त तैनात था.

ठप हुआ यातायात

कार्रवाई के दौरान चिटणीस पार्क से इंदोरा की ओर जा रहे नागरिकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा. तनाव की वजह से इस मार्ग पर दोनों ओर का यातायात पूरी तरह से ठप हो गया था. वाहनों की लंबी कतारें लग गई थी. लोग न तो आगे जा पा रहे थे और न ही पीछे जा पा रहे थे.

दलाल व 2 व्यापारियों पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज

1.76 करोड़ की ठगी का मामला

प्रतिनिधि, 16 दिसंबर

नागपुर- शहर के एजेंट की मदद से त्रिपुर तमिलनाडु के 2 ठग व्यापारियों ने शहर के व्यवसायियों को 1.76 करोड़ रुपये का चूना लगा दिया. इस संबंध में तहसील पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है. आरोपियों में त्रिपुर निवासी मोहना सुंदरम टी उर्फ बाबू (32), रविशंकर एस शनमुगम (32) और बीकानेर, राजस्थान निवासी रामसिंह मंगलसिंह सोढ़ा (35) का समावेश है. मिसाल लेआऊट, जरीपटका निवासी भूपेंद्र रमेशलाल केवलरामानी (41) की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया. गांधीबाग के देवघर मोहल्ले में भूपेंद्र की आर.सी. फेब्रिक्स नामक दूकान है. रामसिंह गांजाखेत चौक पर माजिशा एजेंसी चलाता है और दलाल है.

'रामसिंह सितंबर 2017 में भूपेंद्र की दुकान पर गया. उन्हें बताया कि कपड़े के बड़े व्यापारियों से उसकी पहचान है. व्यापारी अच्छी कीमत पर उनसे माल खरीदेंगे. भूपेंद्र ने उसकी बात पर यकीन कर व्यापारियों से मिलवाने को कहा. रामसिंह कुछ दिन बाद सुंदरम और रविशंकर को लेकर भूपेंद्र की दुकान पर गए. सुंदरम ने जय ईश्वर साड़ी और रविशंकर ने नक्षत्र टेक्सटाइल का विजिटिंग कार्ड दिया. बड़े पैमाने पर माल की खरीदी-बिक्री करने का झांसा दिया.

मस्के की हत्या के बाद आर्णी में तनाव

संतप्त भीड़ ने जलाई एम्बुलेंस, मार्केट रहा बंद

संवाददाता, 16 दिसंबर

आर्णी- यवतमाल जिले के आर्णी में शुक्रवार को दिनदहाड़े भाजपा कार्यकर्ता नीलेश हिम्मतराव मस्के की हत्या कर दी गई थी. इस हमले में नीलेश के बचाव के लिए आए उसके दोस्त अमित पर भी हमलावरों ने जानलेवा हमला कर घायल किया. दोनों को तुरंत अस्पताल ले जाया गया. लेकिन चिकित्सकों ने नीलेश को मृत घोषित किया, अमित की हालत चिंताजनक होने से उसका निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है. इस घटना का असर शनिवार के तड़के देखने को मिला. संतप्त भीड़ ने ग्रामीण अस्पताल की एम्बुलेंस को जला दिया. इस घटना के बाद शहर में तनाव निर्माण हो गया था. शनिवार की सुबह से आर्णी शहर बंद रहा. इस दौरान व्यापारियों ने प्रतिष्ठान बंद रखे. नीलेश को यवतमाल के जिला अस्पताल में उपचारार्थ ले जाने के लिए समय पर एम्बुलेंस नहीं मिलने से परिणामस्वरूप नीलेश के संतप्त दोस्तों ने ग्रामीण अस्पताल में खड़ी एम्बुलेंस जला देने से तनाव निर्माण हो गया था.

गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार

भाजपा कार्यकर्ता नीलेश मस्के का शनिवार को गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया. इस दौरान सैकड़ों की संख्या में युवा उपस्थित थे. इस घटना को लेकर पुलिस ने शहर में कड़ा बंदोबस्त लगाया है.

घर-घर पहुंचेगी मोबाइल लोक अदालत

प्रतिनिधि, 16 दिसंबर

नागपुर- कानून का ज्ञान नहीं होने व कानून के संबंध में जानकारी नहीं होने से गरीब, अशिक्षित व जरूरतमंद कानूनी लड़ाई नहीं लड़ पाते. ऐसे लोगों को जिला विधि सेवा प्राधिकरण की ओर से कानूनी ज्ञान व कानून की जानकारी दी जाएगी. मोबाइल लोक अदालत नागपुर जिले में घर-घर जाकर संबंधितों को कानून का ज्ञान देगी. साथ ही उनकी समस्याओं को भी हल किया जाएगा. 1 से 31 जनवरी 2019 (एक महीना) तक जिले में घूम-घूमकर लोगों को कानून की जानकारी दी जाएगी. नागपुर शहर व ग्रामीण इलाकों में झोपड़पट्टी, कसबों, देहातों व आदिवासी इलाके में रहने वाले गरीब अशिक्षित लोगों को कानून की जानकारी नहीं होने से कई बार इन्हें समस्या का सामना करना पड़ता है. नागपुर जिला विधि सेवा प्राधिकरण की ओर से ऐसे लोगों को कानून की जानकारी देने के लिए मोबाइल लोक अदालत बनाई गई है. इसमें न्यायिक अधिकारी, वकील, समाजसेवक, गैरसरकारी संस्था, विधि छात्र व विधि शिक्षक की टीम बनाई गई है, जो वाहन लेकर संबंधितों के घर पहुंचकर कानून की जानकारी देंगे और समस्या का समाधान करने की कोशिश करेंगे. यह टीम जिस वाहन में जाएगी उसमें अदालत के लिए जरूरी सभी तैयारी रहेगी. वाहन में कोर्ट रूम रहेगी, जिसमें प्रोजेक्टर, जनरेटर सेट, हैलोजन, बैठने की व्यवस्था, टेबल-कुर्सियां सब रहेगा. अगले साल 1 जनवरी से 31 जनवरी तक टीम जिले में दौरा करेगी. जिला विधि सेवा प्राधिकरण नागपुर के अध्यक्ष न्या. एस.बी. सांवले व सचिव धनराज काले ने मोबाइल लोक अदालत शिविर का लाभ लेने का आह्वान लोगों से किया.

मोबाइल लोक अदालत का दौरा

मोबाइल लोक अदालत का दौरा 1 जनवरी को नागपुर शहर, 2 व 3 जनवरी को हिंगणा परिसर, 4 व 5 जनवरी को कामठी परिसर, 7 व 8 जनवरी को भिवापुर परिसर, 9 व 10 जनवरी को उमरेड परिसर, 11 से 14 जनवरी तक कुही परिसर, 15 व 16 जनवरी को मौदा परिसर, 17 व 18 जनवरी को रामटेक परिसर, 19 से 21 जनवरी तक पारशिवनी परिसर, 22 व 23 जनवरी को सावनेर परिसर, 24 व 25 जनवरी को नरखेड़ परिसर, 28 व 29 जनवरी को काटोल परिसर, 30 व 31 जनवरी को कलमेश्वर परिसर में रहेगा.

समृद्धि महामार्ग के किनारे साकार होगा खेत तालाब

सूखाग्रस्त क्षेत्र के किसान होंगे लाभान्वित

प्रतिनिधि, 16 दिसंबर

नागपुर- मुंबई-नागपुर समृद्धि महामार्ग के लिए लगने वाली जमीन के भूसंपादन का काम लगभग पूरा हो चुका है. इस महामार्ग के निर्माण का भूमिपूजन शीघ्र ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों कराया जानेवाला है. सरकार ने महामार्ग के निर्माण के लिए लगने वाली मुरूम, मिट्टी किसानों के खेतों से लेने का निर्णय लिया है.

इसके ऐवज में ठेकेदार किसानों को निःशुल्क खेत तालाब बनाकर देंगे. इस वजह से सूखाग्रस्त इलाके के किसानों को बड़ा लाभ होगा. इस बारे में सरकार की ओर से जीआर भी जारी किया गया है.

खेती के गौण खनिज का उपयोग

मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस के ड्रीम प्रोजेक्ट माने जानेवाले समृद्धि महामार्ग के भूसंपादन का लगभग 90 प्रश काम पूरा हो चुका है. इस योजना की घोषणा होने के बाद सरकार को किसानों के भारी विरोध का भी सामना करना पड़ा था. अभी भी 10 प्रश किसान अपनी जमीन देने को तैयार नहीं हैं. बावजूद इसके शीघ्र ही सरकार इस मार्ग का निर्माण आरंभ करने वाली है.

महामार्ग के लिए लगने वाला गौण खनिज ठेकेदार को आसानी से मिले और किसानों को भी नुकसान न हो, इसे ध्यान में रखकर सरकार ने किसानों के खेत से गौण खनिज निकालकर उन्हें खेत तालाब बनाकर देने की योजना बनाई है. समृद्धि महामार्ग जिस क्षेत्र से गुजरेगा उस क्षेत्र के किसानों को ठेकेदार जितने चाहिए उतने खेत तालाब बनाकर देंगे. खेत तालाबों की खुदाई से निकलने वाली मुरुम, पत्थर और मिट्टी का उपयोग महामार्ग के निर्माण में किया जानेवाला है.

कृषि अधिकारी करेंगे मध्यस्थता

किसानों के साथ किसी भी प्रकार की ठगी न हो और ठेकेदार के साथ कोई विवाद न हो इसे ध्यान में रखकर किसान और ठेकेदार के बीच करार किया जाएगा. इस दौरान मध्यस्थ के रूप में कृषि विभाग के अधिकारी मौजूद रहेंगे. खेतों से निकलने वाला गौण खनिज महामार्ग विकास प्रकल्प के लिए ही उपयोग करना ठेकेदार के लिए बंधनकारक किया गया है. वे इस गौण खनिज को बेच नहीं सकेंगे. यह भी शर्त रखी गई है कि यदि खेत में खुदाई के स्थान से प्रकल्प स्थल तक सड़क नहीं है तो ठेकेदार को सड़क बनाकर देनी होगी.

उपराजधानी में टेरेस पर नहीं मना पाएंगे थर्टी फर्स्ट

होटल, रेस्टोरेंट्स पर एफडीए की नजर

प्रतिनिधि, 16 दिसंबर

नागपुर- प्रतिवर्ष 31 दिसंबर की रात को शहर के विभिन्न होटल्स और रेस्टरेंट्स में न्यू ईयर सेलिब्रेशन का आयोजन किया जाता है. वहां पार्टियां आयोजित की जाती हैं. इसके लिए होटल और रेस्टॉरेंट्स वालों की ओर से पहले से तैयारी की जाती है. डीजे की धुन पर डांस फ्लोर पर डांस की व्यवस्था की जाती है. अनेक होटल्स और रेस्टॉरेंट्स के टेरस में भी इस तरह की पार्टियों का आयोजन किया जाता है. इस तरह के होटल और रेस्टॉरेंट्स पर अन्न एवं औषधि प्रशासन विभाग की नजर रहेगी. केवल थर्टी फर्स्ट ही नहीं, बाकी समय भी टेरस में खाना बनाने और परोसने पर मनाही होती है. एफडीए की ओर से कहा गया है कि नियमों का उल्लंघन करने वाली होटलों पर ताला लगाया जा सकता है. कुछ माह पूर्व एफडीए ने शहर के नामी होटल्स के किचन की जांच की थी. जांच में अनेक नामी होटलों के किचन गंदे पाए गए. वहां साफ-सफाई का अभाव मिला. इस बारे में एफडीए की ओर से कड़ी चेतावनी दी गई. अब एफडीए की नजर टेरस पर चलने वाले होटल, रेस्टारेंट्स पर है. एफडीए के अनुसार शहर में 50 से ज्यादा होटल और रेस्टारेंट टेरस का इस्तेमाल कर रहे हैं. नियमानुसार होटल में अन्न बनाने और परोसने की जगह ऐसे स्थान पर होनी चाहिए जहां स्वास्थ्य को नुकसान न हो.

नहीं दी अनुमति

एफडीए ने किसी भी होटल को टेरस में खाना बनाने और परोसने की अनुमति नहीं दी है. होटलों को लाइसेंस देते समय इस नियम के बारे में जानकारी दी जाती है. ऐसे में उन्हें नियम का पालन करना जरूरी है. सहा. आयुक्त मिलिंद देशपांडे ने बताया कि ऐसे स्थान जहां लोग जमा होते हैं और खाना वितरित किया जाता है वहां नियमों का पालन करना जरूरी होता है. विभाग की ओर से इस बारे में होटल, रेस्टारेंट का इन्स्पेक्शन किया जा रहा है.

आज का इतिहास — 17 दिसंबर

1538	इंग्लैंड नरेश हेनरो आवे ने स्वयं को चर्च का मुखिया घोषित किया.
1645	जहांगीर की बेगम नूरजहां की मौत हुई.
1903	विल्बर और ओर्विले राइट ने पहली बार विमान में पूरी तरह नियंत्रित उड़ान भरी.
1909	बेल्डियम नरेश लियोपोल्ड द्वितीय का निधन.
1929	भगत सिंह और राजगुरु ने सहायक पुलिस अधीक्षक सांडर्स को पुलिस अधीक्षक स्काट को धोखे में गोली मार दी.
1940	गांधीजी ने अपना सत्याग्रह आंदोलन स्थगित कर दिया था.
1957	अमरीका ने अंतरमहाद्वीपीय प्रक्षेपास्त्र का पहला परीक्षण किया.
1967	आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री हारोल्ड होल्ट तैरते समय डूब गए.
1971	भारत पाकिस्तान युद्ध की समाप्ति के साथ 90 हजार पाकिस्तानी सैनिकों ने आत्म समर्पण किया.
1967	दामोही सेना ने सत्ता पर कब्जा कर लिया.
1973	अरब छापामारों ने रोम के हवाई अड्डे पर 32 लोगों को मार डाला.
1983	मेड्रिड में एक डिस्को में आग से 83 व्यक्ति मारे गए.
1989	ब्राजील में 29 वर्ष बाद पहली बार राष्ट्रपति पद के लिए सीधा चुनाव हुआ.
1996	राष्ट्रसंघ महासभा ने कोफी अन्नान को महासचिव नियुक्त किया.
1997	उक्रेन का एक विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ जिससे 70 व्यक्तियों की मृत्यु हो गई.

चने में सुधार, तुअर सुस्त, नए चावलों की आवक शुरू



प्रतिनिधि, 16 दिसंबर

नागपुर - आलोच्य सप्ताह में बाजारों में लोकल और बाहरगांव की ग्राहकी साधारण रही. सप्ताह के अंत में चने में सुधार रहा. तुअर में ग्राहकी कमजोर रहते हुए और बिकवानी बढ़ने से भाव सुस्त रहे. मूंग और मूंगमोगर में उपलब्धता कम होने से भाव बढ़ सकते हैं. मसूर दाल के भाव तेज रहकर भविष्य तेजी का रहा. ग्राहकी कम होने से बटाना और बटाना दाल में भाव सुस्त रहे. आयात के दबाव में उड़द में गिरावट रही. लाखोड़ी दाल के भाव टिके रहे. अनाजों में गेहूं में साधारण मांग के चलते भाव टिके रहे. चावल में नए मालों का आना जारी रहा. नये साल में आवकें और बढ़ेंगी. कनकी में भी छुटपुट मांग के चलते भाव टिके रहे.

प्रताप मोटवानी

साप्ताहिक बाजार समीक्षा

रबी दलहनों की पैदावार घटने की संभावनाः विभिन्न कारणों से इस साल रबी मौसम में दलहन फसलें बीते साल की तुलना में पिछड़ रही हैं, जिससे दलहनों के उत्पादन में गिरावट आने की संभावनाएं हैं. सबसे ज्यादा गिरावट तुअर में हुई है. कृषि मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार बीते साल की तुलना में इस साल राष्ट्रीय स्तर पर चने का उत्पादन क्षेत्र 96 लाख हेक्टर से 12.80 प्रतिशत घटकर 83.70 लाख हेक्टर, मसूर 16 लाख से घटकर 15.20, बटाने का 8.50 से घटकर 4.50, मूंग का बुआई क्षेत्र 1.70 लाख हेक्टर से बढ़कर 1.85 लाख हेक्टर पर पहुंचा. इस साल उत्पादन घटने और आने वाले महीने में दाल-दलहन का घरेलू बाजार ऊंचा रहने से तेजी की संभावनाएं बनी हैं. भाव सुधरने पर किसानों को बेहतर आमदनी होगी. सरकारी एजेन्सियों को भी राहत मिलेगी.

चने की कम फसल से तेजी का भविष्यः इस साल चने की बुआई 12.82 प्रतिशत कम हुई है. ऑस्ट्रेलिया में चने की फसल कमजोर है, जिससे आयात की संभावनाएं कम हुई हैं. जारी सप्ताह में चना 50 रुपये बढ़कर मुंबई में भाव 4600 तक रहा. अभी नाफेड के पास 24.13 लाख टन चना बकाया है. एमपी में चना 100 रुपये बढ़कर इंदौर 4450-4500, कटनी 4400-4450, राजस्थान में 50-100 तक की तेजी रहकर जयपुर 4500, बीकानेर 4525, महाराष्ट्र सोलापुर 4600-4850, लातूर 4650-4700, अकोला 4575-4675 और नागपुर भाव 4600-4650 तक रहे. नागपुर में चना दाल बेस्ट 7000-7200, मीडियम बेस्ट 6400-6600 और मीडियम के भाव 600-6200 तक रहे. चने का भविष्य तेजी का है.

मूंग स्थिर-मसूर तेज, उड़द-बटाना सुस्तः मसूर में मांग बढ़ने और आवकें घटने से बाजार तेज रहे. मसूर का आयात कम हो रहा है और देसी मसूर की आवक कम है. मुंबई पोर्ट कनाडा मसूर 3800-4000 और ऑस्ट्रेलिया की नई मसूर के भाव 4200 तक रहे. देसी मसूर इंदौर में 3000, कटनी 4050, कर्नाटक-रायपुर में 4050 यूपी-कानपुर में 4050-4100 तक भाव रहे. नागपुर में बेस्ट मसूर दाल 5200-5400 और मीडियम बेस्ट के भाव 4800-5000 तक के रहे. मूंग के भाव मजबूती से जमे हैं. राजस्थान में आवकें कम रहकर जयपुर 5300-5800, जोधपुर 5300-5500, महाराष्ट्र में लातूर 5600-5650, अकोला 5400-5500 और जलगांव में भाव 5200-6000 तक रहे. नागपुर में मूंगमोगर बेस्ट 8000-8500, मीडियम बेस्ट 6000-7000 और मूंग दाल छिलका के भाव 6500-7500 तक रहे. उड़द में आयात के दबाव में भावों में 50-100 रुपये तक की गिरावट रहकर मुंबई पोर्ट पर भाव 4500 तक रहे. यूपी-बरेली में 4600, कानपुर 4100-4200, महाराष्ट्र में लातूर 5100-5150, जलगांव 4250-5200, अहमदनगर में भाव 4800-5200 तक रहे. नागपुर में उड़दमोगर बेस्ट 7500-8500 और मीडियम बेस्ट के भाव 6000-7000 तक के रहे. बटाना के भाव कमजोर रहते हुए बटाना दाल 5450-5500 और बेस्ट के भाव 5600 तक रहे. लाखोड़ी दाल में 4850-5000 तक का व्यापार हुआ.

तुअर में सुस्ती-भविष्य तेजी काः तुअर में बिकवाली का दबाव रहा, जिससे सप्ताह के अंतर भाव 50-100 कम रहे. मुंबई में लेमन तुअर 4400 से घटकर 4300, कर्नाटक लाइन तुअर 4700-4750, हरियाणा, यू.पी., एम.पी. लाइन के भाव 3900-4000, महाराष्ट्र के लातूर में 4800-5000, नागपुर 4700 और अकोला में भाव 4200-4600 तक रहे. आने वाले दिनों में नई तुअर की आवकें बढ़ेंगी. दलहन आयात पर मद्रास हाईकोर्ट द्वारा 17 दिसम्बर तक का स्टे दिया गया है. कोर्ट के निर्णय के आधार पर दलहनों की तेजी-मंदी तय होगी. सप्ताह के अंत नागपुर में बेस्ट फटका 7100-7250, मीडियम बेस्ट 6800-7000, फोड़ बेस्ट 6400-6600 और मीडियम बेस्ट के भाव 6000 -6300 तक के रहे.

गेहूं-चावलों में साधारण मांगः गेहूं में उठाव साधारण रहा. सरकार द्वारा गेहूं की बिक्री से भाव स्थिर रहे. फसल बीते साल की तरह ही 233.59 लाख टन है. नागपुर में मिल क्वॉलिटी गेहूं 2100-2150, लोकवन 2300-2600, टुकड़ी 2450-2650, एमपी बोट बेस्ट 3600-4000 और मीडियम बेस्ट के भाव 2500-3000 तक रहे. फिलहाल मीडियम माल ही आ रहे हैं. पुराने चावलों में स्वर्णा 2500-2750, बीपीटी 3200-3800, एचएमटी 4000-4400, जयश्रीराम मीडियम 4600-4800, बेस्ट 5000 -5500, चिन्नोर बेस्ट 6800-7500 और मीडियम बेस्ट के भाव 6400-6500 तक रहे. कनकी में 2000-4500 तक का व्यापार हुआ.

पोहों में अच्छी ग्राहकीः पोहों में उठाव अच्छा रहकर नये धान से भाव घटे हैं. पोहा पतला 3600-4000, मोटा पोहा 3375-3825, मुरमुरा बोरा 255-350, लोथ 420-450 और दालिया के भाव 7200 -8000 तक रहे.

प्रताप ए.मोटवानी,
नागपुर.

दालें-अनाज के दाम

चना (मिल क्वालिटी) 4750-4800	गेहूं मिल क्वालिटी 2150-2200
चना (ऑस्ट्रेलियन, मुंबई) 4600-4625	गेहूं लोकवन मिडियम 2350-2450
चनादाल मिडियम 5900-6200	गेहूं लोकवन सुपर बेस्ट 2500-2650
चनादाल मिडियम बेस्ट 6400-6600	एम.पी.बोट मिडियम बेस्ट 2500-3000
चनादाल सुपर बेस्ट 6800-7000	चावल स्वर्णा बेस्ट (पुराना) 2700-2800
तुअरदाल बेस्ट सारटैक्स फटका (नया) 7100-7300	चावल स्वर्णा मिडीयम (पुराना) 2500-2600
तुअरदाल नान सारटैक्स फटका (नया) 6700-7000	चावल बी.पी.टी. (पुराना) 3200-3800
तुअरदाल सारटैक्स फोड (नया) 6500-6700	चावल एच.एम.टी. (पुराना) 4000-4400
तुअर दाल नान सारटैक्स फोड (नया) 6000-6400	चावल जयश्रीराम बेस्ट (पुराना) 5100-5400
मसूलदाल बेस्ट 5200-5400	चावल जयश्रीराम मिडीयम (पुराना) 4600-4800
मसूरदाल मिडियम 4800-5000	चावल चिन्नोर बेस्ट (पुराना) 6800-7500
मूंग मोगर सुपर बोल्ड (नया) 8500-9000	बासमती बेस्ट 9000-14000
मूंग मोगर मिडियम बेस्ट (नया) 6000-7000	बासमती मिडियम 5000-7000
मूंगदाल (नया)6500-7500	कनकी बेस्ट 4000-4800
उड़दमोगर सुपर बेस्ट (नया) 8000-8500	कनकी मिडियम 2000-3000
उडदमोगर मिडियम बेस्ट (नया)5500-7000	पोहा पतला 3600-4000
बटरीदाल ------	पोहा जाड़ा 3350-3850
बटानादाल 5400-5500	मुरमुरा बोरा 260-350
मूंग चमकी (नया) 7500-8500	मुरमुरा लोथ 425-450
मोठ 4500-6000	दालिया 7200-8000